कारोबार का माहौल बेहतर बना, मिला अतिरिक्त कर्ज

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में कारोबार व उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बेहतर माहौल बना है। इस कारण यूपी को तय सीमा से ज्यादा कर्ज बाजार से उठाने की अनुमति मिली है। इसके तहत राज्य ने ' ईज आफ डूइंग बिजनेस' के तहत 4851 करोड़ का अतिरिक्त कर्ज लिया है।

केंद्र सरकर ने 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' के तहत सुधार लागू करने पर राज्यों को इस तरह का अतिरिक्त कर्ज बाजार से लेने की अनुमति दी है। यूपी को यह कर्ज कुल राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत के रूप में मिला है। इसके तहत 25 विभागों ने अपने यहां लाइसेंस, एनओसी आदि के नियम सरल कर उद्यमियों को दी राहत दी। इसके अलावा कई तरह के कानूनों को खत्म किया गया।

निरीक्षण के नियम बदले

यूपी में श्रम विभाग, प्रदूषण नियंत्रण में निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण के नियम बदले गए। इसके अलावा विभिन्न विभागों के 28 से ज्यादा लाइसेंस खत्म किए गए। इससे उद्यमियों को काफी राहत मिली।